# सावन के विदाई में थमी बारिश, तीन दिन से तेज गर्मी से लोग बेहाल

## पानी न गिरने से नहीं लग पा रहा रोपा, मोटर पम्प से खेत में भर रहे पानी, त्योंथर और जवा में कम बारिश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अगस्त, सावन के महीने में जिले के अंदर झमाझम बारिश हुई, लेकिन सावन की विदाई में बारिश थम गई है. तीन दिन से जिले में बारिश नही हो रही है और तेज धूप के साथ उमस भरी गर्मी बढ़ गई है. साथ ही अस्पतालो में मरीजो की संख्या बढ़ने लगी है. पीलिया, डायरिया, बुखार के मरीज अस्पताल पहुंच रहे है. ओपीडी में प्रतिदिन 15 सौ से 18 सौ मरीज दिखाने पहुंच रहे है और इसी तरह अस्पताल में सैकड़ो मरीज भर्ती हो रहे है.**

गौरतलब है कि सावन में अच्छी बारिश हुई और दो दिन बाद सावन समाप्त हो जायेगा. उम्मीद थी कि अच्छी बारिश सावन के विदाई में होगी पर तीन दिन से बारिश बंद है और तेज धूप इस समय पड़ रही है. धान के खेतो का पानी धीरे-धीरे सूख रहा है और जहा रोपा लगाना था वह काम भी ठप्प है. दरअसल पानी न होने के कारण किसान रोपा नही लगा पा रहे है और मोटर पम्प के सहारे खेतो में पानी भरा जा रहा है. अब तक जिले में 576 मि.मी वर्षा हो चुकी है. सेमरिया और जवा में बहुत कम वर्षा हुई है जो कि



अन्य तहसीलो से कम है. जबकि गुढ़ में सबसे ज्यादा 8.29 मिमी वर्षा हुई है. पहले त्योंथर में वर्षा कम हुई थी लेकिन गत सप्ताह अच्छी बारिश होने पर त्योथर में पानी ही पानी हो गया.

मौसम विभाग की माने तो शनिवार और रविवार को बारिश हो सकती है. गुरूवार की दोपहर तेज धूप थी, लेकिन शाम को हल्के बादल आए पर बारिश नही हुई.

दिन भर उमस भरी गर्मी बनी रही. इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है जिससे लोग बेहाल है और गर्मी के कारण ही मौसमी बीमारी का शिकार लोग हो रहे है. बिजली की मांग बढ़ने पर विद्युत लाइनो में फाल्ट आने लगा है. शहर के शिल्पी प्लाजा क्षेत्र में भी तीन घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप्प रही. इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रो में भी बिजली की समस्या बनी है.

### तापमान बढ़ने से बढ़ी उमस भरी गर्मी

पिछले तीन दिन से जिले में बारिश नही हो रही है और लगातार तेज धूप हो रही है. दोपहर बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है. दिन और रात के तापमान में काफी अंतर आ गया है. दिन का अधिकतम तापमान जहा 35 डिग्री रहा. वही रात का न्यूनतम तापमान 26 .5 डिग्री आका गया. बारिश न होने से उमस भरी गर्मी बढ़ गई है, लोग बेहाल है.

### डीएपी खाद के साथ यूरिया की मची मारामारी

बोनी के समय किसानो को डीएपी खाद नही मिली, जिसको लेकर किसान भटकते रहे और अब यूरिया को लेकर मारामारी मची हुई है. रीवा और मऊगंज में किसान इस समय खाद को लेकर परेशान है. हालाकि रैक आने के बाद प्रशासन की मौजूदगी में खाद का वितरण कराया जा रहा है. लेकिन मांग के अनुरूप खाद की आपूर्ति नही है. मऊगंज जिले में डबल लाक केन्द्र से यूरिया खाद का वितरण पुलिस की मौजूदगी में किया गया. दरअसल खाद की मांग ज्यादा है और उतनी खाद नही पहुंची है जिसके कारण हालत खराब है. चम्बल कम्पनी की यूरिया की रैक रीवा पहुंची और उसका वितरण शुरू है. जिस तरह से डीएपी की मांग थी उसी तरह से अब धान की फसल में डालने यूरिया की मांग बढ़ गई है. समय पर रैक न पहुंचने से स्थित खराब हो गई है और किसानो को कतार में खड़े होकर यूरिया लेनी पड़ रही है. सूत्रो की माने तो खाद की कालाबाजारी भी हो रही है, जिस पर प्रशासन अंकुश नही लगा पा रहा है.




# बकाया राशि न जमा करने पर दुकान में जड़ा ताला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अगस्त, नगर निगम राजस्व वसूली को लेकर इस समय अभियान चलाकर कार्यवाही कर रहा है. कर की राशि न जमा करने वाले बकायादारो के खिलाफ तालाबंदी की कार्यवाही की जा रही है. कई बार नोटिस देने के बाद भी राशि जमा नही की गई. जिसके चलते गुरूवार को दुकान में तालाबंदी की गई.**

निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली हेतु बड़े बकायादार, व्यापारियों पर कड़ा रूख अपनाते हुये तालाबंदी की कार्यवाही निरंतर जारी है. इस क्रम में नगर निगम जोन क्रमांक 02 अंतर्गत वार्ड 18 के भवन क्रमांक 18/117 विनोद कुमार गौर पिता कृष्णाराम गौर पर राशि 48351 रुपए बकाया जमा न करने पर दुकान पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई. साथ ही वार्ड 18 भवन क्रमांक 18/134 रामनिवास गुप्ता पिता रामचरण गुप्ता द्वारा मौके पर चेक के माध्यम से राशि 44006=00 रुपए प्राप्त किया गया एवं वार्ड 18 भवन क्रमांक 18/382 संजय सिंह पिता महेन्द सिंह द्वारा बकाया राशि 35746=00 का चेक तत्काल मौके पर जमा किया गया.

निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि बडे बकायादार जो समय पर भुगतान नही करेगे, उन पर कड़ा रूख अपनाते हुये तालाबंदी की कार्यवाही निरंतर चलती रहेगी. सभी करदाताओं से अपील की गई है कि सभी प्रकार के बकाया कर निर्धारित समय में जमा कर, अप्रिय कार्यवाही से बचे. उक्त कार्यवाही में सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी, उप राजस्व निरीक्षक सुधाशु विश्वकर्मा मौजूद रहे.

# सारा पोर्टल पर 1011861 किसानों की दर्ज होगी फॉर्मर रजिस्ट्री

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अगस्त, सारा पोर्टल पर किसानो की फार्मर रजिस्ट्री दर्ज होगी. फार्मर रजिस्ट्री दर्ज करने का काम जिले भर में चल रहा है.**

किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ऑनलाइन दिया जा रहा है. किसान सम्मान निधि तथा खेती से जुड़ी अन्य योजनाओं के अनुदान ऑनलाइन प्राप्त होते हैं. एग्रोस्टेक परियोजना के तहत किसानों को ऑनलाइन लाभ देने के लिए सारा पोर्टल पर फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है. इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के कुल 10 लाख 11 हजार 861 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सारा पोर्टल पर की जाएगी. तहसील गुढ़ में 70237, त्योंथर में 127989, सेमरिया में 97612, मनगवां में 124260, जवा में 105428, सिरमौर में 112695, रायपुर कर्चुलियान में 79076, तहसील हुजूर में 118581 तथा हुजूर नगर तहसील में 175983 किसानों की कुल संख्या है.

कलेक्टर ने कहा है कि सभी तहसीलदार किसानों को एग्रोस्टेक योजना का लाभ देने के लिए ग्रामवार शिविर लगाकर किसानों की पोर्टल पर ई केवाईसी कराकर फार्मर रजिस्ट्री दर्ज कराएं. कॉमन सर्विस सेंटर, स्थानीय युवा, पटवारी तथा किसान पोर्टल पर ई केवाईसी दर्ज कर सकते हैं. एक माह की अवधि में फार्मर रजिस्ट्री का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करें.

## संक्षिप्त



### सिद्धार्थ ने मुख्यमंत्री से मिलकर जताया आभार

**रीवा, 7 अगस्त**, मुख्यमंत्री निवास भोपाल में त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाक़ात कर रीवा और त्योंथर क्षेत्र में बारिश से प्रभावित लोगों के लिए दी गई राहत राशि को लेकर मुख्यमंत्री का आभार जताया. मोहन यादव से मुलाकात के बाद विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने कहा की मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदान की त्वरित सहायता यह साबित करती है कि वे आम जनता की पीड़ा के प्रति संवेदनशील हैं और पूरी गंभीरता से लेते हैं उनकी कार्यशैली संपूर्ण प्रदेश के लिए प्रेरणादायी है. श्री तिवारी ने कहा कि जिले खासकर त्योंथर क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित हुआ था इस शासन से मिली सहायता से लोगों को बड़ी राहत मिली है.

### जमीन के संबंध में दावा-आपत्तियां 14 तक

**रीवा, 7 अगस्त**, मध्यप्रदेश हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट बोर्ड को तहसील हुजूर के तहत ग्राम चिरहुला में भूमि आवंटन की कार्यवाही की जा रही है. हाउसिंग बोर्ड को चिरहुला की आराजी नम्बर 185/1 क्षेत्रफल 64.868 हेक्टेयर तथा आराजी नम्बर 2/24/2 क्षेत्रफल 4.273 हेक्टेयर के दो अलग-अलग प्रकरण आवंटन के लिए कलेक्टर न्यायालय में पंजीबद्ध हैं. इस संबंध में एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने बताया कि इन जमीनों के आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह 14 अगस्त तक उपयुक्त दस्तावेजों के साथ एसडीएम हुजूर न्यायालय में आपत्ति दर्ज कर सकता है. निर्धारित अवधि में आपत्ति दर्ज न होने पर जमीन के आवंटन की कार्यवाही की जाएगी.

### सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए शिविर 11 अगस्त को

**रीवा, 7 अगस्त,** जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों के लिए 11 अगस्त को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सैनिक स्कूल के पास रीवा में शिविर लगाया जा रहा है. जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल पी गंगा ने बताया है कि शिविर में स्पर्श पोर्टल का एक स्टाल आईसीआईसीआई बैंक द्वारा लगाया जा रहा है. इसमें पूर्व सैनिकों की पेंशन संबंधी समस्याओं और स्पर्श पोर्टल से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा. सभी पूर्व सैनिक और वीर नारियाँ अपने पहचान पत्र के साथ शिविर में शामिल होकर इसका लाभ उठा सकते हैं.

### रीवा जिले में गणेश चतुर्थी पर रहेगा स्थानीय अवकाश

**रीवा, 7 अगस्त**, रीवा जिले में 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाशों की घोषणा की गई थी. जिसके अनुसार 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर तीसरा स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है. घोषित किया गया स्थानीय अवकाश जिले के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र के सभी शासकीय कार्यालयों तथा संस्थानों में प्रभावशील होगा. यह अवकाश जिले के कोषालय, उप कोषालय तथा बैंकों पर लागू नहीं होगा.

### मऊगंज में गणेश चतुर्थी पर रहेगा स्थानीय अवकाश

**रीवा, 7 अगस्त,** मऊगंज जिले में 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है. कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में वर्ष 2025 के लिए तीन स्थानीय अवकाशों की घोषणा की गई थी. जिसके अनुसार 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर तीसरा स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है. घोषित किया गया स्थानीय अवकाश जिले के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र के सभी शासकीय कार्यालयों तथा संस्थानों में प्रभावशील होगा. यह अवकाश जिले के कोषालय, उप कोषालय तथा बैंकों पर लागू नहीं होगा.

### स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री के संदेश का होगा सीधा प्रसारण

**रीवा, 7 अगस्त,** स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में 15 अगस्त को सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा. इस वर्ष समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस संदेश का लाइव प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर दिखाया जाएगा. इसके लिए कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन, टीवी सेट, इंटरनेट कनेक्शन और साउंड सिस्टम की व्यवस्था की जा रही है. सम्पूर्ण व्यवस्था का 14 अगस्त को सुबह 9 बजे रिहर्सल भी किया जाएगा. कार्यक्रम स्थल में यूट्यूब लिंक खोलने के लिए लैपटाप, एलईडीटीवी, एलईडी वॉल, एचडी एमआई केबिल, पावर बैकप की भी व्यवस्था रहेगी. मुख्यमंत्री जी का संदेश यूट्यूब लिंक पर भी उपलब्ध होगा. इसकी लिंक यथासमय जारी की जाएगी.

# जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अगस्त, जिले भर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा. जिला स्तरीय समारोह एसएएफ मैदान रीवा में प्रात: 9 बजे से आरंभ होगा. समारोह के मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे. जिला स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता दिवस संदेश का सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रिन पर दिखाया जायेगा. समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से होगा.**

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के सभी शासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में प्रात: 8 बजे अथवा उसके पूर्व ध्वजारोहण किया जाएगा. ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान का गायन होगा. शिक्षण संस्थाओं में मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रात: काल प्रभातफेरी निकाली जाएगी. ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे. स्वतंत्रता दिवस समारोह में शिक्षण संस्थाओं में वाद-विवाद प्रतियोगिता, राष्ट्रीय एकता पर संगोष्ठी तथा वृक्षारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं. स्वतंत्रता दिवस पर सभी प्रमुख सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों में 14 और 15 अगस्त की रात में प्रकाश की व्यवस्था की जाय. स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों को जिला स्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा. वृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उनके घर जाकर कलेक्टर द्वारा नामित प्रतिनिधि शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित करेंगे. स्वतंत्रता दिवस पर जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पौधे रोपित किये जायेंगे. शासकीय भवनों के परिसर तथा सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से पौधे रोपित करके पर्यावरण संरक्षण में हर व्यक्ति भागीदारी निभायें. कलेक्टर ने बताया कि सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों में जनपद अध्यक्ष ध्वजारोहण करेंगे तथा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया जाएगा.

# ट्रांसफॉर्मर और किसानों की समस्या को लेकर धरना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अगस्त, भारतीय किसान यूनियन संगठन के त्योंथर ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक त्योंथर अंतर्गत कृषि उपज मंडी प्रांगण चाकघाट में गुरूवार को धरना प्रदर्शन किया गया.**

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया. जिसमें क्षेत्र में कई ट्रांसफार्मर जले हुए हैं, जिन्हें अब तक नहीं बदला गया है. सभी जले ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदला जाए. ग्राम रामपुर में किसान सागर परियोजना से जुड़ी नहर का कार्य अधूरा है. पुल का निर्माण न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है, अत: पुल निर्माण तत्काल कराया जाए. त्योंथर क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों की स्थिति अत्यंत खराब है. शिक्षा का स्तर गिरा है, जिसे शीघ्र सुधारा जाए. शासकीय गोदामों एवं समितियों में खाद, यूरिया व डी.ए.पी. खाद उपलब्ध नहीं है. किसानों की मांग के अनुसार तुरंत आपूर्ति की जाए. आवारा पशुओं द्वारा किसानों की फसलें बर्बाद की जा रही हैं, अत: गांव-गांव में गौशालाएं बनवाई जाएं. जिस पर अनुविभागीय अधिकारी ने किसानों को आश्वासन दिया कि उपरोक्त समस्या का निराकरण जल्द से जल्द किया जायेगा. निराकरण न होने पर उग्र आन्दोलन किया जायेगा. धरना प्रदर्शन में हरिहर प्रसाद पटेल, सुशील सिंह, राजेश्वरी सिंह, कमलभान सिंह, रामाश्रय द्विवेदी, एड. कलेश्वर सिंह मौजूद रहे.

# पंचायत उन्नति सूचकांक का विमोचन 12 को

**रीवा, 7 अगस्त,** देश में पंचायतों के समग्र विकास के प्रदर्शन मापक के रूप में पंचायत उन्नति सूचकांक का क्रियान्वयन किया जा रहा है. जिला पंचायत रीवा के सभागार में 12 अगस्त को दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा. इस अवसर पर पंचायत उन्नति सूचकांक अन्तर्गत 9 थीमों में सर्वोच्च रैंकिंग अनुसार जिले की 10 ग्राम पंचायतों के पुरस्कृत किया जायेगा. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने उक्त आशय की जानकारी दी.

# विद्यालय में छात्रों ने रंगोली बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अगस्त, 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत नगर निगम रीवा द्वारा देशभक्ति और स्वच्छता जागरूकता से जुड़ी विविध गतिविधियाँ आयोजित की गई.**

नगर निगम की स्वच्छता टीम द्वारा सेंट्रल एकेडमी स्कूल, त्रिपुरा संकर स्कूल एवं राजहंस स्कूल में विशेष स्वच्छता संवाद एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.



इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी रंगोली और राखियों के माध्यम से देश भक्ति और स्वच्छता का प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किया. बच्चों की रचनात्मकता और समाज के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण ने सभी को प्रभावित किया.

इसमें 'स्वच्छ भारत, सुंदर भारत', 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता'' नारों को रेखांकित कर इनका महत्व दर्शाया गया. स्वच्छता टीम ने स्कूल के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता संवाद में बच्चों को देश भक्ति, स्वच्छता के महत्व, घरेलू कचरा प्रबंधन, सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई.

# न्याय सत्याग्रह के बहाने कांग्रेस करेगी शक्ति प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अगस्त, कांग्रेस पार्टी द्वारा 12 अगस्त को पद्मधर पार्क में किये जाने वाले न्याय सत्याग्रह को लेकर जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक संजय शर्मा ने तैयारी बैठक ली.**



बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी संजय शर्मा ने कहा कि जब जिले के प्रदर्शन का नेतृत्व करने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा प्रदेश एवं संभाग के विधायकगण और अन्य वरिष्ठ नेतागण आ रहे हो तब हमारे जिले के एक-एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी बनती हैं कि वह न्याय सत्याग्रह कार्यक्रम को प्रभावी बनाकर भारतीय जनता पार्टी को कड़ा सबक सिखाएं. श्री शर्मा ने कांग्रेस जनों को बूथ स्तर पर घर घर पहुंचकर प्रदेश की भाजपा सरकार की वादा खिलाफी लूट खसोट एवं नाकामियों को बताने का काम करें जिससे हमारा यह न्याय सत्याग्रह कार्यक्रम ऊंचाई को प्राप्त करेगा. जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने न्याय सत्याग्रह औचित्य पर प्रकाश डाला. वही सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने संघर्ष करने की बात कही. बैठक में संगठन मंत्री रवि तिवारी, शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल, विमलेन्द्र तिवारी, विद्यावती पटेल, शिव प्रसाद प्रधान, गिरीश सिंह, कुवंर सिंह, सज्जन पटेल, गोविन्ददास तिवारी, बबिता साकेत, डॉ एस पी एस तिवारी मौजूद रहे.

# मऊगंज-हनुमना क्षेत्र में यूरिया खाद का हुआ वितरण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 7 अगस्त, बीते कई दिनों से खाद के लिए किसान परेशान रहे है, उनके लिए राहत की बात है कि मऊगंज जिले के गोदामो खाद पहुंच गई है. इतना ही नही जिला कलेक्टर के निर्देश पर बीते गुरुवार से खाद वितरण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है.**

सुबह से ही गोदाम के बाहर खाद लेने के लिए किसानों की बड़ी लम्बी कतार दिखाई दी. मऊगंज में खाद की किल्लत से परेशान किसान बाजार में कालाबाजारी का धंधा जोरो पर है मुनाफाखोरी पर उतारू खाद विक्रेताओ के हाँथो किसान लुट रहा है.

किसानों के समक्ष खड़ी इस विकट समस्या से निजात दिलाने के लिए मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल और जिला कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा गम्भीरता से उठाए गये कदम और उनके प्रयासों से गोदामों में खाद आने से किसानों को बड़ी राहत मिली. हनुमना एवं मऊगंज क्षेत्र में गुरूवार को खाद का वितरण किया गया. भारी संख्या में किसान खाद लेने पहुंचे.

# जिला स्तरीय समिति ने पीड़ितों को मंजूर की सहायता राशि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अगस्त, प्रतिकर योजना के तहत गठित जिला स्तरीय समिति बैठक में तहसील हुजूर के दुर्घटना के दो प्रकरणों में मृत व्यक्तियों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि मंजूर की गई.**

योजना के प्रावधानों के तहत एसएफ चौराहे में अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मृत श्रीमती सीता देवी सोंधिया के पति विश्वनाथ सोंधिया निवासी ग्राम दूबी को दो लाख रुपए स्वीकृत किए गए. बैठक में पीके स्कूल के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से मृत रजनीश विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय प्रेमलाल विश्वकर्मा निवासी जनकहाई के परिजनों को भी दो लाख रुपए की सहायता राशि मंजूर की गई.

# रक्षाबंधन की खरीददारी को लेकर बाजार हुआ गुलजार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 अगस्त, भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन त्यौहार धूमधाम से मनाया जायेगा.**

रंग बिरंगी राखियो से बाजार सज चुका है तो वही मिठाईयां और पकवान की धूम मची हुई है. रक्षा बंधन के दिन मिठाई की सबसे ज्यादा बिक्री होती है. खाद्य विभाग की टीम भी



गुणवत्ता को लेकर सक्रिय हो गई है. नकली मावा लगातार पकड़ा जा रहा है. गौरतलब है कि 9 अगस्त को बहने भाईयो को राखी बांधेगी, बाजार में इस समय अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है. गुरूवार को राखी और मिठाई की दुकानो में भीड़ दिखी. कई दिनो बाद बाजार गुलजार दिखा. गिफ्ट और कपड़ो की दुकानो में लोग खरीददारी करने पहुंचे. बहने भाई की कलाई मे राखी बांधती है और भाई बहनो को यथाशक्ति के अनुसार उपहार देते है. इस बार कई तरह की राखियां बाजार में देखने को मिल रही है. 10 रूपये से लेकर हजार रूपये से ज्यादा की राखियां बिक रही है.